हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 10 जून 2026 समय 18:10

मुख्य समाचार :-

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बने।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे लंबे समय तक निर्वाचित रूप से पद पर बने रहने पर बधाई दी।
- विश्व नेताओं ने भी भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी।
- मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा गत 12 वर्ष भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में राष्ट्र के सामूहिक चेतना के पुनर्जागरण और विकास यात्रा का महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुए।
- केंद्र सरकार ने मनरेगा से वी बी जी राम जी मे सुचारू परिवर्तन सुनिश्चित करने के लिए राज्यों के लिए 95 हजार 692 करोड़ रुपये के अंतरिम बजट आवंटन का प्रस्ताव रखा।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बन गए हैं। श्री मोदी ने 26 मई 2014 को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। प्रधानमंत्री मोदी का निरंतर कार्यकाल अब 4 हज़ार 399 दिन का हो गया है।

एक रिपोर्ट-

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की यह उपलब्धि विशेष रूप से उल्लेखनीय है, क्योंकि भारत जैसे 140 करोड़ से अधिक आबादी वाले देश का शासन–प्रशासन अत्यंत व्यापक और जटिल है। भाषाई, सांस्कृतिक, धार्मिक तथा भौगोलिक विविधताओं से युक्त इस राष्ट्र का सफल नेतृत्व और संचालन अपने आप में एक बड़ी जिम्मेदारी और चुनौती है। ऐसे समय में जब अनेक देशों में राजनीतिक अस्थिरता, सरकारों में बार–बार परिवर्तन तथा नीतिगत अनिश्चितता देखने को मिल रही है। भारत में नेतृत्व और शासन में निरंतरता रही है। यह विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र में लगातार तीन बार राष्ट्रीय जनादेशों द्वारा जनता का निरंतर भरोसा दर्शाता है। स्वतंत्र वैश्विक सर्वेक्षणों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लगातार विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय लोकतांत्रिक नेताओं में स्थान दिया गया है। साथ ही उन्हें अब तक 30 से अधिक देशों द्वारा सर्वोच्च नागरिक सम्मानों से भी सम्मानित किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्रा मोदी के कार्यकाल के दौरान लगभग 25 करोड़ भारतीय, बहुआयामी गरीबी से बाहर निकले हैं*

*तथा व्यापक सामाजिक आर्थिक प्रगति है। अश्विनी कुमार शर्मा, आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़ ।*

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने आज एक प्रस्ताव पारित कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सबसे लंबे समय तक निर्वाचित रूप से पद पर बने रहने पर बधाई दी है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद नई दिल्ली में मीडिया से बातचीत में सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रस्ताव में श्री मोदी द्वारा निर्वाचित प्रधानमंत्री के रूप में राष्ट्र की निरंतर सेवा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर चर्चा की गई।

*भारत में डेमोक्रेटिकली, इलेक्टेड लॉन्गेस्ट सर्विंग प्राइम मिनिस्टिर श्री नरेन्द्र मोदी जी आज हुए हैं और विकसित भारत बनाने का संकल्प भी उन्होंने लिया है। उन सभी एक सौ 40 करोड़ देशवासी इस संकल्प में जुड़ें ऐसी प्रार्थना प्रभू के पास की।*

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

विश्व नेताओं ने भारत के सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है।

*प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लगातार सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने के अवसर पर श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके, पापुआ न्यू गिनी के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे और त्रिनिदाद और टोबैगो की प्रधानमंत्री कमला प्रसाद-बिसेसर ने प्रधानमंत्री मोदी को बधाई दी। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के परिवर्तनकारी नेतृत्व, ग्लोबल साउथ की आवाज़ को मजबूत करने के प्रयासों और समावेशी तथा आर्थिक रूप से सशक्त भारत के उनके दृष्टिकोण की सराहना की। अश्विनी कुमार शर्मा, चंडीगढ़ आकाशवाणी समाचार, चंडीगढ़*

भारत में अमरीकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि यह उपलब्धि प्रधानमंत्री मोदी के दशकों की समर्पित जनसेवा और नेतृत्व का सशक्त प्रमाण है।गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री डॉ सुब्रह्मण्यम जयशंकर, वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल, वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन और कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित अन्य केन्द्रीय मंत्रियों ने भी सबसे लंबे समय तक निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई दी है।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने भारत के सबसे लंबे समय तक सेवा करने वाले निर्वाचित प्रधानमंत्री बनने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को हरियाणा की पौने तीन करोड़

जनता की ओर से उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को संबोधित अपने पत्र में कहा कि यह अवसर उनके वंदन और अभिनंदन का है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में बीते 12 वर्ष राष्ट्र की सामूहिक चेतना के पुनर्जागरण, जनसेवा और विकास यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुए हैं। प्रधानमंत्री का यह कालखंड सेवा, सुशासन, संकल्प, समर्पण और राष्ट्र प्रथम की भावना से प्रेरित एक युगांतकारी यात्रा का साक्षी रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देशवासियों ने विकसित, आत्मनिर्भर, सशक्त और गौरवशाली भारत के जिस सपने के साथ देश की बागडोर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के हाथों में सौंपी थी, आज 140 करोड़ भारतवासी उस सपने को साकार होते हुए देख रहे हैं।

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

केंद्र सरकार ने राज्योंऔर केंद्र शासित प्रदेशों के लिए 95 हजार 692 करोड़ रुपये के अंतरिम बजट आवंटन का प्रस्ताव रखा है जिससे मनरेगा से विकसित भारत-रोजगार गारंटी और आजीविका मिशन ग्रामीण – वीबी जी-राम जीमें सुचारू रूप से परिवर्तन सुनिश्चित किया जा सके। यह अधिनियम पहली जुलाई से पूरेदेश में लागू हो जाएगा। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नई दिल्ली मेंराज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के ग्रामीण विकास मंत्रियों के साथ वर्चुअल बैठकके बाद इसकी घोषणा की।

*इस साल बजट में तीस हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया थामनरेगा चलाने के लिए। पीएमओ को अंतिम रूप देने में कुछ समय लग सकता है, इसलिए कोई दिक्कतमजदूरों को न आए और विकास का जो महायज्ञ ग्रामीण भारत के गांव का वो भी चलता रहे, इसलिए राज्योंऔर केन्द्रशासित प्रदेशों को इंट्रिम एलोकेशन कुल मिलाकर है 95 हजार छह सौ 92 करोड़ का।*

------------------------------------------------------------------------------------------------------------------------

कुरुक्षेत्र में हरियाणा महिला आयोग की अध्यक्ष रेणु भाटिया द्वारा नर्सिंग अधिकारियों पर की गई टिप्पणी के बाद धरने पर बैठी नर्सिंग अधिकारियों ने अपना धरण समाप्त कर दिया। पत्रकारों से बातचीत में नर्सिंग अधिकारियों ने बताया कि उनके राज्य संगठन की काल पर मरीज के हित में उन्होंने धरना उठा लिया है। उन्होंने कहा कि श्रीमती रेणु भाटिया ने अपने पद से इस्तीफा दिया है लेकिन अहम के चलते उन्होंने माफी नहीं मांगी। नर्सिंग अधिकारी, रेणु भाटिया से माफी की मांग कर रहे थे। डॉक्टर के पास उस समय कौन अटेंडेंट था यह पूछे जाने पर उन्होंने इस बारे कोई जानकारी होने से इनकार किया और पता लगाने के लिए लिए जांच की मांग की।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------

हरियाणा के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सबसे लंबे समय तक देश की कमान संभालने का एक नया रिकॉर्ड बनाया है। आज नरवाना विधानसभा के ढाणी गुरुद्वारा में केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित एक कार्यक्रम में श्री बेदी ने कहा –

मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की जमकर सराहना की और देश के बदलते स्वरूप को रेखांकित किया।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------

हरियाणा के कैबिनेट मंत्री श्री रणबीर गंगवा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री पद पर 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। श्री रणबीर गंगवा ने कहा कि उन्हें विभिन्न अवसरों पर प्रधानमंत्री का मार्गदर्शन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखने की उनकी कार्यशैली, अनुशासन, अथक परिश्रम, दूरदर्शी सोच और जनसेवा के प्रति समर्पण प्रत्येक जनप्रतिनिधि के लिए प्रेरणास्रोत है।

-----------------------------------------------------------------------------------------------------------

----------------------------------